St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar (2nd Term) **(Answer Worksheet –18)** **Date: 09.11.2020**
Topic: अनुच्छेद लेखन **Class -3**

'चिड़ियाघर की सैर' विषय पर एक अनुच्छेद लिखो :-

संकेत बिंदु :-

-चिड़ियाघर की सैर का निश्चय

- जाने की तैयारियाँ

- चिड़ियाघर का दृश्य

- वहाँ क्या - क्या देखा ?

- वहाँ क्या सीखा ?

रविवार को बादल छाये थे | मौसम बहुत सुहावना था | पिताजी ने निश्चय किया कि पूरा परिवार आज चिड़ियाघर चलें | सबने खुश होकर अपनी सहमति दी | जाने के लिए हम लोगों ने साड़ी तैयारियाँ की | बंदरों को खिलाने के लिए मूँगफली खरीदी | बच्चों के खाने के लिए चिप्स , चॉकलेट और फल लिए | हम लोगों ने वहाँ जाकर टिकट ख़रीदा और चिड़ियाघर के अंदर प्रवेश किया |

कोलकाता का चिड़ियाघर बहुत बड़ा है | प्रवेश करते ही एक छोटा सा तालाब है | वहाँ अनेक प्रकार के जल जीव तैर रहे थे | एक तरफ कई तरह के पक्षी देखने को मिले | जैसे - तोते , कबूतर , चील , रंग - बिरंगी चिड़ियाँ, नीलकंठ आदि देखा | आगे बढ़ने पर शेर और चीते के बाड़े दिखे | फिर हमने हिरन , जिराफ , गेंडा ,हाथी जैसे जानवर भी देखे | वे हाथ फैलाकर खाने को मांग रहे थे |

हम लोग घूमते - घूमते थक गये थे | एक पेड़ के नीचे बैठकर हम सबने कुछ खाया | फिर आराम करके हाथी की सवारी की और कुछ झूले भी झूले | चिड़ियाघर में सफाई की अच्छी व्यवस्था थी | सभी जानवरों को प्राकृतिक वातावरण की सुविधा दी गई थी | वहाँ जाकर केवल आनंद ही नहीं मिला बल्कि बहुत सी जानकारी भी मिली | हमने सीखा कि जानवरों से प्रेम करना चाहिए और उनका पूरा ध्यान रखना चाहिए |

Poonam Mehra